Hari Bhumi   Edition Delhi
2.11.2016 Page 4
Height 22.46cm Width 33.15 cm

प्रधानमंत्री ने दीन दयाल जन आवास योजना का लोकार्पण किया

सीएम के विजन को पीएम की मोहर



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की हरियाणा गठन के पचास वर्ष पूरा होने पर स्वर्ण जयंती वर्ष को युवाओं, भूतपूर्व सैनिकों, दिव्यांगों व सामाजिक सुरक्षा के पेंशनों के लाभपात्रों तथा पंडित दीन दयाल उपाध्याय के अंतोदय के सिद्धांत पर चलते हुए अंतिम व्यक्ति के उदय के विजन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोहर लगाई।

हरिभूमि न्यूज. गुरुग्राम

मुख्यमंत्री के स्वर्ण जयंती वर्ष को सर्व हरियाणा-पर्व हरियाणा व गर्व हरियाणा के रूप में सालभर मनाए जाने की घोषणा को हरियाणा के कोने-कोने से आए लोगों की उमड़ी भीड़ ने यह सिद्ध कर दिया कि मुख्यमंत्री प्रदेश के लोगों को पारदर्शी व भ्रष्टाचारमुक्त प्रशासन देने की मुहिम में लगे हैं और जनता उनके साथ है। इतना ही नहीं स्वर्ण जयंती समारोह में प्रमुख विपक्षी पार्टी इनेलो के विधानसभा में विपक्ष के नेता अभय सिंह चौटाला व उनके अन्य विधायकों के अलावा अन्य राज्यों के मंत्रियों व बड़ी संख्या में केन्द्रीय मंत्रियों की उपस्थिति से हरियाणा एक-हरियाणवी एक की भावना को बल दिया है।

देश की सशस्त्र सेनाओं में हर दसवां सिपाही हरियाणा से देखते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर अलग से भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग बनाने की घोषणा की है और आज के स्वर्ण जयंती उत्सव में सैनिकों के सम्मान के प्रति उनकी सोच को और अधिक बल मिला जब सूबेदार नरेश थापा के नेतृत्व में थल सेना, वायु सेना व नौ सेना के बैंड ने राजपथ पर होने वाली गणतंत्र दिवस की परेड की याद दिला दी। समारोह में स्वतंत्रता आंदोलन में हरियाणा के वीर बांकुरों व अंग्रेजी हुकुमत के सर्वोच्च सैन्य सम्मान विक्टोरिया क्रॉस से सम्मानित ढाकला झज्जर के बदूल सिंह व उमराव सिंह, परमवीर चक्र विजेता ब्रिगेडियर होशियार सिंह तथा वर्ष 1962, 1965, 1971 व 1999 के कारगिल युद्ध में हरियाणा के वीर शहीदों के योगदान के नारे गूंजते रहे।

पूरा होगा घर का सपना

प्रधानमंत्री ने दीन दयाल जन आवास योजना का भी लोकार्पण किया। इस योजना का लक्ष्य अनधिकृत कॉलोनियों के विकास पर अंकुश लगाना और इसके साथ-साथ छोटे तथा मध्यम क्षमता वाले कस्बों में तर्कसंगत दरों पर सभी के लिए आवास-2022 के लक्ष्य को हासिल करना है। इसका लक्ष्य प्रदेश के मध्यम तथा निम्न क्षमता वाले कस्बों में सीमित क्षेत्र के अंदर अधिकतम आबादी को आवास मुहैया करवाने के लिए छोटे प्लाट उपलब्ध करवाना भी है। ये कालोनियां 5 से 15 एकड़ तक के सीमित क्षेत्र में विकसित की जाएगी और बिक्री योग्य एरिया की अनुमति लाईसेंस्ड क्षेत्र के 65 प्रतिशत तक होगी। निजी कालोनाईजरों द्वारा इन कॉलोनियों के विकास को बढ़ावा देने के उदेश्य से लाइसेंस शुल्क और बाहरी विकास शुल्क की दरों में काफी कटौती की गई है जबकि परिवर्तन शुल्क और अवसरंचना विकास शुल्क माफ किया गया है। इस नीति के तहत 2.0 के फ्लोर एरिया रेशो (एफएआर) के साथ 150 वर्ग मीटर आकार के अधिकतम प्लाट विकसित किए जाएंगें। कालोनी में खुले जगह की जरूरतों का ध्यान रखते हुए कालोनाइजर को व्यवस्थित खुली जगह के तहत न्यूनतम 7.5 क्षेत्र उपलब्ध करवाना होगा।

अब होगा दुकानों का कंप्यूटरीकृत स्वचालन

प्रधानमंत्री ने हरियाणा में उचित मूल्य की दुकानों का कंप्यूटरीकृत स्वचालन (आटोमेशन) योजना का शुभारंभ किया। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित इन दुकानों में लाभार्थियों की आधार आधारित बायोमीट्रिक पहचान सुनिश्चित करने के लिए कनैक्टिविटी के साथ प्रत्येक उचित मूल्य की दुकान में प्वांइट आफ सेल (पीओएस) उपकरण का प्रावधान तथा खाद्यान्नों तथा अन्य उपभोक्ता वस्तुओं का आनलाईन लेन-देन शामिल है। उचित मूल्य की दुकानों के स्वचालन से प्रदेशभर में 9352 उचित मूल्य की दुकानों में पीओएस उपकरण मुहैया करवाए जाएंगें जिससे लाभार्थियों की आधार आधारित बायोमीट्रिक पहचान तथा उपभोक्ता वस्तुओं के आनलाईन लेन देन का मार्ग प्रशस्त होगा। इस प्रणाली से लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली से भ्रष्टाचार समाप्त होगा और प्रदेश के 29.30 लाख गरीब परिवारों तथा 1.32 करोड लाभार्थियों को लाभ होगा। केरोसीन मुक्त हरियाणा योजना का लोकार्पण करते हुए करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर उज्ज्वला योजना के तहत रेवाड़ी जिला के बोलनी गांव की रूकमणि व मीनू को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत नए गैस कनेक्शन प्रदान किए हैं।

हरियाणा स्वर्ण जयंती कार्यक्रम की झलकियां



- सुरक्षा के मद्देनजर चप्पे-चप्पे पर पुलिस रही तैनात।
- कार्यक्रम स्थल के समीप की हाइराईज बिल्डिंग में भी सुरक्षाकर्मी तैनात।
- तिरंगों से पटी साइबर सिटी।
- पांच बजकर चालीस मिनट पर द्रोण नगरी गुरुग्राम पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी।
- पीएम के भाषण के बीच ही लोगों ने खड़े होकर मोदी-मोदी के नारे लगाए।
- कार्यक्रम के बाद जिला प्रशासन ने ली चैन की सांस।
- रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।
- केन्द्र व अन्य राज्यों से मुख्यमंत्री भी समारोह के गवाह बने।
- करनाल के दिव्यांग कलाकार राधे ने अद्भुत नृत्य कर दर्शकों को मन मोहा।
- प्रसिद्ध रागनी गायक ईश्वर शर्मा ने कार्यक्रम की शुरुआत की।
- जादूगर शंकर सम्राट ने दिखाया जादू।
- हास्य कलाकार दरियाब सिंह मलिक ने जमकर हंसाया।
- लोक गायक महावीर गुड्डू के बमलहरी गायन ने किया मंत्रमुग्ध।